भारत का राष्ट्रीय अखबार राजस्थान व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

जयपुर

# प्रभात अभिनन्दन

वर्ष-32 | अंक-187 | जयपुर से प्रकाशित | प्रातःकालीन | मंगलवार 28 अप्रैल, 2026 | आर. एन. आई. नम्बर 54513/91 | पृष्ठ : 8 | मूल्यः 50 पैसे

## बीकानेर और गंगानगर जिले में बारिश-ओले गिरे

*जयपुर में भी मौसम बदला, बिजली चमकने लगी; नागौर में 12वीं तक के स्कूलों का समय बदला*

जयपुर, 27 अप्रैल (का.सं.)। राजस्थान में भीषण गर्मी के बीच बीकानेर और गंगानगर जिले के कई इलाकों में सोमवार को बारिश के साथ ओले गिरे। श्रीगंगानगर के अनूपगढ़ में तेज आंधी चली और फिर बारिश हुई।

जयपुर में तेज धूप ने लोगों को झुलसा दिया। लोगों को गर्मी से राहत देने के लिए नगर निगम ने अलग-अलग इलाकों में सड़कों पर वाटर फॉगर मशीन से पानी की फुहारें छोड़ी गई। जयपुर में शाम को मौसम बदला और बादल छाने के साथ तेज हवा चली। इस दौरान बिजली भी चमकने लगी। उधर, बाड़मेर में रविवार को सीजन का सबसे अधिक तापमान दर्ज हुआ, यहां पारा 46 डिग्री के ऊपर चला गया।

ये 12 साल में तीसरी बार है जब पारा 46 डिग्री के पार निकल गया। नागौर जिले में हीटवेव की चेतावनी के बाद 12वीं तक स्कूलों का समय सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक कर दिया है। नया समय 28 अप्रैल से लागू होगा। मौसम विभाग ने 27 अप्रैल को राज्य के 5 जिलों में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, 27 अप्रैल को दिन के साथ रात में भी हीटवेव की आशंका है।

## धीरेंद्र शास्त्री ने कहा- मैं माफी मांगता हूं

**छत्रपति शिवाजी महाराज और समर्थ रामदास स्वामी के बारे में दिया था विवादित बयान**



नागपुर,वेब वार्ता। छत्रपति शिवाजी महाराज और समर्थ रामदास स्वामी के बारे में अपनी टिप्पणी को लेकर विवादों में घिरे बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने माफी मांग ली।

रविवार को नागपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में धीरेंद्र शास्त्री ने कहा- कुछ लोगों ने मेरे बयान का गलत अर्थ निकाला। मैं जिस स्वराज और हिंदू राष्ट्र की अवधारणा का सम्मान करता हूं, उसमें छत्रपति शिवाजी महाराज का स्थान सर्वोच्च है। उनके बारे में नकारात्मक बोलना तो दूर, मैं ऐसा सपने में भी नहीं सोच सकता। उन्होंने आगे कहा- संदर्भ बिल्कुल अलग था। छत्रपति शिवाजी महाराज की संतों और अपने गुरु समर्थ रामदास स्वामी के प्रति गहरी निष्ठा थी। हम एक शिष्य की अपने गुरु के प्रति भक्ति के बारे में बात कर रहे थे। ठीक वैसे ही जैसे महाभारत में अर्जुन ने भगवान कृष्ण से कहा कि वह अपने ही लोगों से युद्ध नहीं करेंगे, तब कृष्ण ने गीता का उपदेश दिया था।

हमारा उद्देश्य केवल छत्रपति शिवाजी महाराज की महानता को उजागर करना था कि ये संतों के प्रति कितने गहरे रूप से समर्पित थे, लेकिन एक छोटा सा अंश संदर्भ से काटकर फैला दिया गया।

## ईरानी सांसद बोले- पाकिस्तान मध्यस्थ बनने के लायक नहीं :वह अमेरिका के पक्ष में झुका है

वॉशिंगटन डीसी/तेहरान,वेब वार्ता। मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत में अभी तक कोई ठोस सहमति नहीं बन पाई है। इसी बीच ईरान के एक नेता ने पाकिस्तान की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के प्रवक्ता इब्राहिम रेजई ने कहा कि पाकिस्तान दोस्त जरूर है, लेकिन वह बातचीत में बीच का सही पक्ष (मध्यस्थ) नहीं बन सकता। रेजई ने कहा कि पाकिस्तान अक्सर डोनाल्ड ट्रम्प और अमेरिका के हितों को ध्यान में रखता है और उनके खिलाफ कुछ नहीं कहता। इसलिए वह निष्पक्ष नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि एक सही मध्यस्थ वही होता है, जो दोनों पक्षों के बीच निष्पक्ष रहे, न कि हमेशा एक ही पक्ष की तरफ झुका रहे। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने 24 घंटे में 2 बार पाकिस्तान का दौरा किया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को ईरान को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि उसके पास युद्ध खत्म करने के लिए सीजफायर पर सहमत होने के लिए सिर्फ तीन दिन हैं, नहीं तो उसकी तेल पाइपलाइन में ब्लास्ट हो जाएगा।

**पीएम मोदी ने बैरकपुर से बंगाल को दी पांच गारंटी**

# बोले:'पढ़ाई, लिखाई और दवाई हमारी प्राथमिकता'

**बीजेपी को वोट दीजिए ताकि बेटियां हर समय बाहर निकल सकें**



बैरकपुर (पश्चिम बंगाल) ,वेब वार्ता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को होगा। आज प्रचार का अंतिम दिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा का प्रचार करने बैरकपुर पहुंचे। पीएम मोदी ने कहा, '1857 में इसी बैरकपुर की धरती ने आजादी की पहली लड़ाई को ताकत दी थी। यही धरती आज बंगाल में परिवर्तन की राह को और प्रशस्त कर रही है।' भाजपा के चुनावी नारे और बंगाल में बदलाव की बयार का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने रैली में कहा कि बंगाल में हर ओर एक ही नारा सुनाई दे रहा है 'पलटनो दरकार, चाई बीजेपी सरकार।' यानी जनता बदलाव चाहती है और भाजपा की सरकार बनाने का मन बना चुकी है। रैली को चुनाव प्रचार की अंतिम सभा बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पूरे राज्य में लोगों का मूड देखकर उन्हें विश्वास है कि 4 मई को नतीजे आने के बाद भाजपा की सरकार बनेगी और वह शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने फिर बंगाल आएंगे।

**'जनता ही मेरा परिवार है और उनके बीच रहकर सुकून मिलता है'**:उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान मिले जनसमर्थन का जिक्र करते हुए कहा कि रैलियों और रोड शो के दौरान लोगों द्वारा दिए गए संदेश, पत्र और चित्र उनके लिए बेहद खास हैं। वह रात में समय निकालकर इन भावनाओं को समझते हैं और लोगों के संदेशों को पढ़ते हैं। अपने लंबे राजनीतिक सफर को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह पिछले कई दशकों से देशभर में लगातार काम कर रहे हैं और पार्टी द्वारा सौंपी गई हर जिम्मेदारी को निभाते आए हैं। उन्होंने कहा कि जनता ही उनका परिवार है और उनके बीच रहकर उन्हें सुकून मिलता है।

पीएम मोदी ने दावा किया कि राज्य में बदलाव की लहर साफ दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल की धरती से उनका जुड़ाव बेहद खास है और यहां के अनुभवों को वह अपने जीवन का आशीर्वाद मानते हैं। उनके अनुसार, जिस तरह जनता बड़ी संख्या में सामने आ रही है, उससे स्पष्ट है कि बैरकपुर समेत पूरा बंगाल बदलाव के लिए तैयार खड़ा है। पीएम मोदी ने अपने चुनावी रोड शो और रैलियों को 'तीर्थ यात्रा' जैसा अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी और लगातार कार्यक्रमों के बावजूद उन्हें थकान महसूस नहीं हुई, क्योंकि लोगों का उत्साह उन्हें लगातार ऊर्जा देता रहा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम खत्म होने के बाद भी दूर-दूर तक लोगों की भीड़ लगी रहती थी, जिसे देखकर वह फिर से पूरे जोश के साथ उनके बीच पहुंच जाते थे। उन्होंने यह भी कहा कि मां काली के भक्तों के बीच जाने से उन्हें विशेष ऊर्जा मिलती रही। बैरकपुर से पश्चिम बंगाल के बैरकपुर में जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य की जनता के लिए पांच अहम गारंटियों का एलान किया। उन्होंने कहा कि ये वादे बंगाल के विकास और युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखकर किए गए हैं। पीएम मोदी की पहली गारंटी के तहत रेहड़ी-पटरी पर काम करने वाले लोगों को बैंक के जरिए आर्थिक सहायता दी जाएगी, ताकि उनका कारोबार मजबूत हो सके। दूसरी गारंटी में उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकारी भर्तियां तय समयसीमा के भीतर और पूरी पारदर्शिता के साथ पूरी की जाएंगी। तीसरी गारंटी में रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं को सीधे नियुक्ति पत्र देने की बात कही गई है। वहीं चौथी गारंटी के तहत राज्य में सातवें वेतन आयोग को तुरंत लागू करने का वादा किया गया।

**पीएम मोदी की 5 बड़ी गारंटी**

| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
|---|---|---|---|---|
| रेहड़ी पटरी वालों को बैंक से दी जाएगी मदद | भर्ती तय समय और पारदर्शी तरीके से होगी | रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे | राज्य में 7वां वेतन आयोग का तुरंत लागू करेंगे | पलायन रोकेंगे, गांवों में 125 दिन का रोजगार |

## टीएमसी सांसद मिताली बाग की कार पर हमला

### सांसद और उनका ड्राइवर घायल ; टीएमसी बोलीं- शाह की धमकी के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं का हमला



कोलकाता,वेब वार्ता। पश्चिम बंगाल के हुगली में सोमवार को TMC सांसद मिताली बाग की कार पर हमला हुआ। TMC का आरोप है कि भाजपा समर्थकों ने गोगहाट में उनकी गाड़ी पर ईंट-पत्थर और लाठियों से हमला किया। मिताली बाग गोगहाट से आरामबाग में अभिषेक बनर्जी के रोड शो में शामिल होने जा रही थीं। इसी दौरान उन पर हमला हुआ। हमले में कार के शीशे टूट गए। सांसद और उनके ड्राइवर को चोट आई है। घायलों को आरामबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है TMC ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने धमकी दी थी कि जो भी घर से बाहर निकलेगा, उसे उल्टा लटका दिया जाएगा। उसी के बाद यह हमला हुआ। इधर, पीएम नरेंद्र मोदी ने उत्तर 24 परगना में रैली की। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में बंगाल की दशा और दिशा दोनों बदलने वाली है। यह चुनाव सिर्फ बंगाल ही नहीं, पूरे पूर्वी भारत का भविष्य तय करेगा।

### भाजपा का आरोप- पुलिस थाना छोड़कर चली गई, टीएमसी के लोगों ने हमला किया

भाजपा का आरोप है कि घटना के समय पुलिस थाना छोड़कर चली गई और तृणमूल समर्थकों ने हमला किया। जगदल से भाजपा प्रत्याशी राजेश कुमार ने कहा कि वे और पूर्व सांसद अर्जुन सिंह समर्थकों के साथ शिकायत दर्ज कराने पहुंचे थे, तभी अधिकारी वहां से चले गए। इसके बाद ब्रस्ट समर्थकों ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला कर दिया। भाटपाड़ा सीट से भाजपा उम्मीदवार पवन कुमार सिंह ने कहा कि विवाद एक दिन पहले उनकी स्ट्रीट कॉर्नर मीटिंग से शुरू हुआ था, जब TMC के स्थानीय पार्षद मनोज पांडे समर्थकों के साथ पहुंचे और कार्यक्रम में बाधा डाली। उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### बंगाल में 79 देशी बम मिलने का केस एआईए ने संभाला

गृह मंत्रालय के आदेश पर NIA ने पश्चिम बंगाल में देशी बम बरामदगी से जुड़े मामले को अपने हाथ में लिया है। कोलकाता पुलिस ने 25 अप्रैल को एक जगह से 79 देशी बम और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किया था, जिससे लोगों की जान और संपत्ति को खतरा था।

## बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का जयपुर में रोड-शो

*महिला कार्यकर्ताओं ने जेसीबी पर चढ़कर फूल बरसाए*





जयपुर, 27 अप्रैल (का.सं.)। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन राजस्थान के दौरे पर आए हैं। नितिन नवीन का एयरपोर्ट से प्रदेश बीजेपी ऑफिस तक करीब 12 किलोमीटर तक रोड शो निकाला जा रहा है।

एयरपोर्ट से बीजेपी ऑफिस तक के रास्ते में 11 मंच बनाए गए हैं, जहां अलग-अलग विधानसभा और मोर्चों के नेताओं की ओर से स्वागत किया जाएगा। जयपुर एयरपोर्ट के बाहर बने स्वागत मंच पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का 101 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही गदा भेंट की। महिला कार्यकर्ताओं ने जेसीबी पर चढ़कर फूल बरसाए। नितिन नवीन को गोविंददेव जी की तस्वीर देते समय शीशा टूट गया। जिससे मंत्री जवाहर सिंह बेढम के हाथ में चोट लग गई।

**टॉप लीडरशिप की बैठक लेंगे नितिन नवीन**

नितिन नवीन प्रदेश बीजेपी ऑफिस में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक लेंगे। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों के साथ मोर्चा अध्यक्ष और प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक भी मौजूद रहेंगे। इसके बाद कोर कमेटी की बैठक में प्रदेश की टॉप लीडरशिप से प्रदेश के राजनीतिक हालत, सत्ता व संगठन के कामकाज और बीजेपी के प्रशिक्षण अभियान सहित आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा करेंगे।

## महिला आरक्षण के त्वरित क्रियान्वयन की मांग, आरपीआई (आठवले) ने उठाई आवाज, राजस्थान के राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



प्रभात अभिनन्दन न्यूज

जयपुर, 27 अप्रैल (का.सं.)। रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) ने महिला आरक्षण के त्वरित और प्रभावी क्रियान्वयन की जोरदार मांग उठाई है। पार्टी ने इसे देश की आधी आबादी के संवैधानिक अधिकारों और लोकतांत्रिक भागीदारी से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताया है। पार्टी के कार्यकारी राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष डा. नवरत्न गुसाईवाल, राष्ट्रीय सचिव डा. प्रतिभा तोतला ने सोमवार को राजस्थान के राज्यपाल को जयपुर में अपनी मांग के समर्थन में ज्ञापन सौंपा है।

पार्टी का कहना है कि महिला आरक्षण केवल कानून बनाकर सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे जमीनी स्तर पर शीघ्रता से लागू किया जाना आवश्यक है। इसके लिए राज्य स्तर पर समयबद्ध कार्ययोजना घोषित करने, महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने तथा प्रभावी प्रशासनिक निगरानी तंत्र स्थापित करने की मांग की गई है।

आरपीआई (आठवले) ने कहा कि भारत वैश्विक शक्ति बनने की दिशा में अग्रसर है, लेकिन निर्णय-निर्माण की प्रमुख संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी अभी भी अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंची है। इसे लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत बताया गया।

पार्टी ने विशेष रूप से राजस्थान का उल्लेख करते हुए कहा कि नारी शक्ति की ऐतिहासिक भूमिका वाले इस राज्य में महिलाओं को नीतिगत और राजनीतिक प्रतिनिधित्व से वंचित रखना अब स्वीकार्य नहीं है। राजस्थान को महिला सशक्तिकरण का अग्रणी राज्य बनाने के लिए ठोस और निर्णायक कदम उठाने की आवश्यकता है।

पार्टी ने स्पष्ट किया कि यह मुद्दा अब केवल चर्चा का विषय नहीं, बल्कि त्वरित निर्णय की मांग करता है। समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो यह व्यापक जनआंदोलन का रूप ले सकता है। राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते समय आरपीआई पार्टी की तरफ से डॉ नवरत्न गुसाईवाल कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान, डॉ प्रतिमा तोतला राष्ट्रीय सचिव ,रमेश कुमार सैनी प्रदेश प्रभारी राजस्थान डॉक्टर एस के मोहनपुरिया वरिष्ठ सलाहकार , बसंती लेखरा वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं विद्या वर्मा शिष्टमंडल में मौजूद थे।

## 2025 बैच के 7 आईएएस मिलने से राजस्थान केडर को मिलेगी अधिक मजबूती

*मुख्य सचिव ने इनसे मुलाकात कर सरकार के मिशन और एजेंडे से करवाया परिचित*

जयपुर, 27 अप्रेल। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने एचसीएमरीपा में राजस्थान कैडर में शामिल हो रहे आईएएस बैच 2025 के 7 प्रशिक्षुओं अधिकारी के साथ संवाद करते हुए उनका राजस्थान की गौरवशाली प्रशासनिक परंपरा में स्वागत किया तथा राज्य के शासन दर्शन मैक्सिमम गवर्नेंस-मिनिमम गवर्नमेंट पर बल दिया। इस संवाद में एचसीएमरीपा की महानिदेशक श्रीमती श्रेया गुहा ने भी प्रशिक्षु अधिकारियों का मार्गदर्शन किया। श्री श्रीनिवास ने राजस्थान के नागरिक-केंद्रित शासन मॉडल को विस्तार से समझाते हुए समयबद्ध जन-शिकायत निवारण, प्रत्येक पात्र तक कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच और लाभ, आधारभूत संरचना विकास, डिजिटल शासन, प्रशासनिक सुधार तथा संस्थागत ईमानदारी पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

## जयपुर के हाईवे पर QR कोड बताएगा ब्लैक स्पॉट

*3 साल के एक्सीडेंट डेथ पर बनाया, दुर्घटना संभावित स्थानों को दिखाएगा*

जयपुर, 27 अप्रैल (का.सं.)। जयपुर रेंज पुलिस की ओर से ब्लैक स्पॉट से बचाने के लिए QR कोड जारी किया गया है। पिछले 3 सालों के एक्सीडेंथ में डेथ का लेकर ये QR कोड बनाया गया है। जो दुर्घटना संभावित स्थानों को दिखाकर सतर्क रहने के साथ ही जागरूक करेगा। IG (जयपुर ग्रामीण) राहुल प्रकाश ने बताया- जयपुर रेंज पुलिस की ओर से दुर्घटना संभावित स्थानों के बारे में जानकारी देने के लिए एक त्क्रकोड जारी किया गया है। इस QR कोड को गूगल पर स्कैन करते ही वह जयपुर के हाईवे पर ब्लैक स्पॉट के बारे में बताएगा। इसमें हमे रेड, ओरेंज व येलो तीन तरीके के स्पॉट संकेतक दिखेंगे। यह स्पॉट संकेतक पिछले तीन सालों में दुर्घटना में हुई मृत्युदर के आधार पर दर्शाए गए है।

# वंदे भारत रेक का 115 किमी की रफ्तार से ट्रायल

**फ्रांस की कंपनी के साथ मिलकर किया तैयार; विदेशी सेफ्टी तकनीक का उपयोग**



कोटा, 27 अप्रैल (का.सं.)। पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल में वंदे भारत ट्रेनसेट (चेयर कार) का ट्रायल आज से वापस शुरू हो गया है। रेक का ट्रायल कोटा- नागदा खंड में कोटा-शामगढ़-कोटा रूट पर हुआ।

भारत में पहली बार फ्रांस की अल्सटॉम कंपनी के साथ मिलकर आरसीएफ (रेल कोच फैक्ट्री), कपूरथला की ओर से ये रेक तैयार किया गया है। इसमें विदेशी सेफ्टी स्टैंडर्ड, ट्रेन को गति देने वाली तकनीक का इस्तेमाल किया गया है।

**60 से 115 किमी प्रति घंटे रफ्तार की टेस्टिंग**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि यह टेस्टिंग आरडीएसओ (अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन), लखनऊ के निदेशक (परीक्षण) धीरेंद्र कुलश्रेष्ठ, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता राघवेंद्र सिंह की निगरानी में किया जा रहा है, जो अगले कई दिनों तक जारी रहेगा।

पहली टेस्टिंग में 60 से 115 किमी प्रति घंटे की गति तक पिकअप की परफॉर्मेंस, ब्रेक कैपेसिटी की टेस्टिंग, इंटीग्रेटेड सिस्टम की जांच की गई। ट्रायल सुबह 8 से शाम 5 बजे तक चला।

**यूरोपीय देशों की तकनीक का इस्तेमाल**

पहले वंदे भारत रेक आईसीएफ चेन्नई में मेधा कंपनी की ओर से बनाई गई थी। अब जो 16 कार वंदे भारत ट्रेनसेट (चेयर कार) रेक बना है, वह फ्रांस की अल्सटॉम कंपनी से साथ मिलकर आरसीएफ (रेल कोच फैक्ट्री), कपूरथला की ओर से तैयार किया गया है। अल्सटॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया लिमिटेड की ओर से इस ट्रेन में यूरोपीय देशों में इस्तेमाल किए जाने वाले (ट्रेन को गति देने वाली तकनीक) सेफ्टी फीचर लगाए गए है।

**180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रायल होना प्रस्तावित**

रेक का आने वाले समय के 180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रायल किया जाना प्रस्तावित है। इस ट्रायल का संचालन कोटा मंडल के अनुभवी दल की ओर से किया जा रहा है, जिसमें मुख्य लोको निरीक्षक वाई. के. शर्मा ,लोको पायलट विपिन कुमार सिंह, सह-लोको पायलट घन श्याम जोशी, मुख्य यातायात निरीक्षक सुशील कुमार जेठवानी व ट्रेन प्रबंधक रवि अग्रवाल की भूमिका है। इनके साथ अल्सटॉम और वाबटेक की विशेषज्ञ तकनीकी टीमें प्रणाली संचालन में सहभागी हैं।

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.05.2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
भरतपुर, भरतपुर, 0138080730018493, कोटा, कोटा जंक्शन, 0112630700032153,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.